JIFF INDIA

Jaipur International Film Festival

प्रेस विज्ञप्ति
यूटर्न राजस्थान पनोरमा में 23 फिल्मों का चयन

जयपुर 19 दिसम्बर 2011 : चतुर्थ जयपुर इन्टरनेशल फिल्म फैस्टिवल में चयनित फिल्मों की दूसरी व अंतिम सूची आज जारी कर दी गई है। इस सूची में राजस्थान से चयनित 23 फिल्मों (12 शॉर्ट, 4 डॉक्यूमेन्ट्री और 7 एनिमेशन) को यूटर्न राजस्थान पनोरमा में शामिल किया गया है। राजस्थान से कुल 35 फिल्में समारोह कार्यलय को प्राप्त हुई थी। इनमें 7 एनिमेशन फिल्में प्रथम जयपुर इन्टरनेशनल एनिमेशन फिल्म फैस्टिवल में चयनित फिल्में है जिनका फिर से जिफ में चयन किया गया है। इस वर्ष यूटर्न राजस्थान पनोरमा में चयनित 23 फिल्मों में से 6 फिल्में को वर्ल्डवुड इन्टरनेशल पनोरमा मे जगह दी गई है। ये 6 फिल्में अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता की श्रेणी में भी होगी। पिछले तीन वर्षो की तुलना में राजस्थान से प्राप्त फिल्मों की गुणवत्ता व रचनात्मकता में काफी बदलाव व सुधार देखा जा सकता है।

इसके अलावा स्पेशल फोकस, स्पेनिश क्लासिकल सिनेमा में लुईन ब्यूनिअल की चार फिल्में शामिल की गई है। साथ ही 3 फिचर फिल्में **वेस्ट इज वेज** (इग्लैंड) **सर्कस कोलम्बिया** (फ्रांस, ऑस्कर विजेता पोडयूसर मार्क बसित द्वारा प्रोडयूस), और **चुटकी बजा के** (भारत) का चयन किया गया है। इसी सूची में 2 शॉट, 1 एनिमेशन और 2 डॉक्यूमेन्ट्री फिल्मों को भी शामिल किया गया है। चयनित फिल्मों की सूची संलग्न हैं।

इसके साथ ही चतुर्थ जयपुर इन्टरनेशनल फिल्म फैस्टिवल में कुल चयनित फिल्में **178** हो गई है। इन फिल्मों का चयन 70 देशों से प्राप्त 902 फिल्मों में से किया गया है।

127 फिल्मों का चयन इनके अलावा कम्प्यूटर डेस्टॉप स्क्रिनिंग में किया गया है। जिफ 2012 में चयनित फिल्में बेशक विश्व की श्रेष्ठ फिल्में कही जा सकती हैं। ये वो सिनेमा है जिसके बल पर विश्व सिनेमा की दशा और दिशा तय कि जा सकती है। यह वो सिनेमा है जिसमें मनोरंजन के साथ–साथ मानवीय सरोकरों को देखा जा सकता हैं।

समारोह में भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बिना रजिस्ट्रेशन के किसी भी व्यक्ति ऑडीटोरियम में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

गौरतलब है कि समारोह इस वर्ष 27 से 31 जनवरी 2012 तक गोलछा सिनेमा, राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री तथा फिल्म भवन में आयोजित होगा।

पिछले वर्ष जिफ 2011 में कुल 144 फिल्मों का चयन किया गया था।

(जिफ मीडिया रूम)

निदेशक

(हनुरोज)
जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फैस्टिवल
Mob: +91-9+252259601 Ph: +141-6500601